नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 162/2020
Dt-26.12.2020

प्रधान सचिव
जल संसाधन विभाग
बिहार, पटना

विषयः-- **मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपूर प्रखंड स्थित पंचायत राज भीठ भगवानपुर के ग्राम रजौर में नदी कटाव रोकने हेतु स्पर निर्माण के संबंध में।**

महाशय,

मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के अन्तर्गत मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखंड स्थित पंचायत राज भीठ भगवानपुर के कमला नदी के दोनों तटबंधों के बीच बसा ग्राम रजौर कटाव के मुहाने पर खड़ा है। इस गाँव की आबादी 3000 है, जहाँ करीब 250–300 घर अवस्थित है जिसमें गरीबों, अतिपिछड़ों एवं दलितों की आबादी अधिक है। ग्राम रजौर के दोनों तरफ नदी की धारा गाँव के करीब आ पहुँचा है। विगत वर्ष इस पंचायत के रहिका ग्राम नदी कटाव में तब्दील हो चुका है। नदी का कटाव इसी तरह बना रहा तो आगामी वर्षों में यह गाँव पूर्णतः कटाव में तब्दील हो जाएगा तथा बड़ी आबादी विस्थापित होने को मजबूर हो जाएगी।

अतएव अनुरोध है कि ग्राम रजौर की त्रासदी नदी कटाव रोकने हेतु स्पर निर्माण पर आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in